\.

Phone : 0591-2485594

# उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड

1–ए/आई.एन.एस.–1, आवास विकास कालोनी, बौद्ध विहार, दिल्ली रोड, मुरादाबाद

# UTTAR PRADESH POLLUTION CONTROL BOARD

1-A/I.N.S.-1, Avas Vikas Colony, Baudha Vihar, Delhi Road, Moradabad

सन्दर्भ 767/D-25/जनरल/मु0/15/अ0... दिनांक 29/5/15

सेवा में,

अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0 / रा0),
मुरादाबाद।

**विषयः प्रस्तावित स्थल ग्राम–जलालपुर खालसा, थाना–डिलारी, तहसील व परगना–ठाकुरद्वारा, जनपद–मुरादाबाद के गाटा संख्या–29 पर पेट्रोल पम्प की स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया अपने पत्र संख्या–623 / आबकारी सहायक / 2014 दिनांक 26.12.2014 का संदर्भ लेने का कष्ट करें। उक्त सम्बंध में आपको अवगत कराना है कि आपके द्वारा सीनियर डिवीजनल रिटेल सेल्स मैनेजर, इण्डियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद द्वारा ग्राम–जलालपुर खालसा, थाना–डिलारी, तहसील व परगना–ठाकुरद्वारा, जनपद–मुरादाबाद के गाटा संख्या–29 पर रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प) के निर्माण हेतु आख्या चाही गयी है, के सम्बंध में अवगत कराना है कि उक्त स्थल का निरीक्षण इस कार्यालय के वैज्ञा0सहा0, श्री विमल कुमार राजपूत एवं श्री राजीव कुमार, अनु0सहा0 द्वारा दिनांक 22.04.2015 को किया गया। निरीक्षण आख्या संलग्न है। निरीक्षण आख्या के अनुसार पेट्रोल पम्प की स्थापना हेतु इस कार्यालय को कोई आपत्ति नहीं है। बशर्ते कि भण्डारण से किसी भी प्रकार का उत्प्रवाह एवं उत्सर्जन जनित नहीं किया जायेगा। यदि जनरेटर की स्थापना की जाती है तो एकास्टिक एनक्लोजर एवं मानकों के अनुरूप ऐग्जास्ट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

आख्या आपके अवलोकनार्थ सादर प्रेषित है।

भवदीय

संलग्नक–यथोपरि।

(अजय शर्मा)
क्षेत्रीय अधिकारी

अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0 / रा0), मुरादाबाद के पत्र संख्या–623 / आबकारी सहायक / 2014 दिनांक 26.12.2014 के सदंर्भ में प्रस्तावित स्थल ग्राम–जलालपुर खालसा, थाना–डिलारी, तहसील व परगना–ठाकुरद्वारा, जनपद–मुरादाबाद के गाटा संख्या–29 पर मैसर्स इण्डियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड, मुरादाबाद के पेट्रोल पम्प की स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण के सम्बन्ध में निरीक्षण आख्याः–

उपरोक्त संदर्भ में प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण दिनांक 22.04.15 को किया गया। स्थल निरीक्षण के समय निम्न तथ्य प्रकाश में आये–

1. प्रस्तावित पेट्रोल पम्प ग्राम–जलालपुर खालसा, थाना–डिलारी, तहसील व परगना–ठाकुरद्वारा, जनपद–मुरादाबाद के गाटा संख्या–29 पर स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।
2. उक्त प्रस्तावित स्थल के पूरब दिशा में ठाकुरद्वारा–मुरादाबाद रोड एवं पश्चिम, उत्तर व दक्षिण दिशा में कृषि योग्य भूमि स्थित है।
3. प्रस्तावित स्थल पर किसी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं किया जा रहा है।
4. उक्त प्रस्तावित स्थल पेट्रोल पम्प की स्थापना हेतु पर्यावरणीय दृष्टिकोण से उचित प्रतीत होता है।

उपरोक्त तथ्य एवं निरीक्षण आख्या अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है।

| (राजीव कुमार) | (विमल कुमार राजपूत) |
|---|---|
| अनु0सहा0 | वैज्ञा0सहा0 |

सहा0वैज्ञा0अधि0 / क्षेत्रीय अधिकारी महोदय

29/04/2015